आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग एक शाश्वत अभ्यास है, जो एकता और सद्भाव की प्रेरणा देता है।
- सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने डिगलीपुर में भारी वर्षा से हुए नुकसान में प्रभावितों को उचित आश्रय देने और स्थिति का आकंलन कर संबंधितों को मुआवजा देने का अनुरोध किया है।
- दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद में तदर्थ समिति का गठन किया गया है।
- सड़क सुरक्षा पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर देश में बड़ा उत्साह है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि योग एक शाश्वत अभ्यास है, जो एकता और सद्भाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने विविध संस्कृतियों और क्षेत्रों को जोड़ने की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला और कहा कि योग ने समग्र कल्याण की खोज में दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट किया है। श्री मोदी ने कहा कि हर किसी को योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा कीं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि ये वीडियो लोगों को योग का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। द्वीपवासियों के कल्याण के लिए इसमें अब मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

यह प्रयास द्वीपवासियों को रोज़गार के लिए नए अवसर प्रदान करेगा और इससे न सिर्फ आर्थिक स्थिरता आएगी, बल्कि सतत् जीविकोपार्जन के अवसर भी उपलब्ध होंगे। योजना को लागू करने और इसके लाभ के बारे में जानकारी देने के लिए अंडमान निकोबार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि प्रतिभागियों का कौशल विकास हो सके और उन्हें मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित हो सके। अट्ठारह से पैंतालीस वर्ष के इच्छुक लाभार्थी प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन उद्योग विभाग के निदेशक तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य सचिव के पास ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ सीधे मिडिल प्वाइंट स्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय के अलावा उद्योग विभाग के नजदीकी विस्तार कार्यालयों या डाक के माध्यम से पन्द्रह जुलाई तक जमा किया जा सकता है। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक लोग ही आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद प्रशिक्षणार्थियों को इकाई स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने डिगलीपुर में भारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों मेंबाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने और इससे कई लोगों के प्रभावित होने के संबंध में प्रभावितों को तुरन्त सहायता पहुंचाने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्हांने प्रभावितों को तुरन्त सुरक्षित स्थानों में आश्रय देने का अनुरोध करते हुए वर्षा से हुए नुकसान का आकंलन करने और ग्रामवासियों को मुआवज़ा प्रदान करने का अनुरोध किया है। श्री बैरागी ने इस  संबंध में मध्योत्तर अण्डमान ज़िला उपायुक्त और डिगलीपुर के सहायक आयुक्त को भी पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद में तदर्थ समिति का गठन किया गया है। वी. के.अब्दुल अज़ीज को वित्त कर और लेखा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। एम. वासुदेवन नायर जन–स्वास्थ्य और स्वच्छता, ए. उमर कार्य और विकास, अब्दुल बशीर जलापूर्ति तथा कार्य तथा वी. के. मरियम बीबी को शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। दक्षिण अण्डमान जिला परिषद की अध्यक्षा एम. रजीनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मिता आर., उपाध्यक्ष पी. ए. सरफुद्दीन और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से आज मादक पदार्थ और शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम तीन बजे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में आरंभ होगा।

<><><><><><><><>

ग्रेट निकोबार द्वीप में ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए सबंधित कम्पनी की ओर से सामाजिक असर आंकलन रिपोर्ट का मसौदा जमा किया गया है। ये रिपोर्ट सभी संबधितों के लिए उपलब्ध है। रिपोर्ट की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए हितधारक समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क कर सकते है। अट्ठारह जून की शाम पांच बजे तक इस संबंध में सुझाव और दावे सीधे समाज कल्याण विभाग में लिखित में या मेल के ज़रिए भी भेजे जा सकते हैं। विभाग बाईस जून को दिन में ग्यारह बजे कैम्पबेल–बे गांधीनगर सामुदायिक हॉल में जन– सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसी दिन शाम तीन बजे कैम्पबेल–बे के शास्त्री नगर में भी जन–सुनवाई होगी। सभी संबंधित लोग इसमें शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><><><>

मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी ने गवर्मेंट पेंशनर्स एसोसिएशन के महासचिव एस. सुरेन्दर के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल जी. बी. पन्त अस्पताल में निधन हो गया। वे अड़सठ वर्ष के थे।

उधर, एन. जी. ओस एसोसिएशन ने भी इनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है।

<><><><><><><><>

सड़क सुरक्षा पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से कल सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंगलूटान के सामुदायिक हॉल में सुबह नौ बजे से आयोजित होने वाले इस शिविर में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता पैदा करने के अलावा मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस टेस्ट लेकर जारी किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण के साथ इसकी प्रतिलिपि जारी करने, ड्राइविंग लाइसेंस में पते को बदलने, फोटो को बदलने, रोड टैक्स एकत्र करने के कार्यों के अलावा पंजीकरण का नवीनीकरण, फिटनेस नवीनीकरण के लिए वाहनों के शुल्क एकत्र करने के काम के साथ–साथ कई अन्य सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध होंगे। सड़क सुरक्षा पर क्वीज प्रतियोगिता और चित्रकारी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। तीन श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से पांचवीं, छठी से आठवीं और नवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

दिए गए मेल आईडी. के अलावा फोन संख्या दो तीन नौ पांच सात शून्य पर आज शाम तीन बजे तक नाम पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेताओं को शिविर में नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यू.जी.सी. ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी तथा जुलाई और अगस्त में खुले रहेंगे। वर्तमान में, यू.जी.सी. विनियम एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देते हैं।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यू.जी.सी. के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि यह फैसला उन छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगा जो विभिन्न कारणों से प्रवेश से चूक जाते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने देश भर के मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट उम्मीदवारों को आश्वासन दिया है कि छह परीक्षा केंद्रों के एक हजार पांच सौ तिरसठ उम्मीदवारों के परिणामों की दोबारा पूरक अंक समीक्षा के कारण उनकी रैंकिंग प्रभावित नहीं होगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक ने कहा कि मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण के लिए केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की स्वीकृति मिलने और पन्द्रह जून को द्वीपसमूह में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता दी है। द्वीप समाचार ने प्रधानमंत्री के उस बयान को प्रमुखता दी है, जिसमें उन्होंने कहा कि योग ने समग्र कल्याण की खोज में दुनियाभर में लाखों लोगों को एकजुट किया है। भारी वर्षा से डिगलीपुर में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पुलिस और दमकल विभाग के कर्मियों द्वारा रातभर निगरानी रखे जाने के समाचार को द अण्डमान एक्प्रेस अंग्रेजी ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। द इको ऑफ इंडिया ने भी डिगलीपुर क्षेत्र में भारी वर्षा से कुछ गांवों में जलभराव होने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पोर्ट ब्लेयर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>